पूरे हो जायेंगे सब तेरे बिगड़े काम

पूरे हो जायेंगे सब तेरे बिगड़े काम,
पूरे हो जायेंगे सब तेरे बिगड़े काम,
कर ले कर ले सुमिरण कर ले,
श्री गणेश का नाम,
पूरे हो जायेंगे सब तेरे बिगड़े काम....

एकदन्त और चार भुजाएं माथे पर सिंदूर,
एकदन्त और चार भुजाएं,
माथे पर सिंदूर,
अंग अंग की अपनी महिमा,
अपना रंग और नूर,
चंदा सूरज झुक कर इसको,
चंदा सूरज झुक कर इसको,
करते हैं प्रणाम,
तू जप श्री गणेश का नाम,
पूरे हो जाएंगे सब तेरे बिगड़े काम.....

तीन भुवन में राज्य करे,
और चौदह लोक फिरे,
तीन भुवन में राज्य करें और चौदह लोक फिरे,
प्रातः काल जो उठकर इसका,
मन में ध्यान धरे,
पा लेगा अपने जीवन का,
पा लेगा अपने जीवन का,
हर सुख हर आराम,
तू जप श्री गणेश का नाम,
पूरे हो जाएंगे सब तेरे बिगड़े काम.....

ऊंच नीच का भेद न जाने,
ये है सबके साथ,
ऊंच नीच का भेद न जाने ये है सबके साथ,
भक्तों की पहचान है इसको,
समझे उनकी बात,
शरण में इसकी जो आ जाये,
शरण में इसकी जो आ जाये,
कभी न हो न काम,
तू जप श्री गणेश का नाम,
पूरे हो जाएंगे सब तेरे बिगड़े काम.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28769/title/pure-ho-jayege-sab-tere-bigde-kaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |